-प्रेस नोट-

दिनांक: 27.09.2025

# थाना कोतवाली देहात पुलिस की बड़ी कार्रवाई!
# चोरी की घटना का खुलासा, 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार – इन्वर्टर, बैट्रा व ₹3100 रूपये नकद बरामद

**सहारनपुर पुलिस का संकल्प:**

☐ *अपराध एवं अपराधियों पर सख़्त कार्रवाई, आमजन की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता।*

*अवगत कराना है कि दिनांक 21.09.2025 को वादी श्री सुखपाल पुत्र अतर सिह निवासी मंशापुर माजरा कोलकी राघड थाना कालोनी थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर द्वारा एक लिखित तहरीर दी गयी कि ग्राम मंशापुर मन्दिर से अज्ञात चोरो द्वारा मन्दिर से एक इन्वेटर , बैट्रा , डीवीआर व दानपात्र से चोरी कर लेने के सम्बंध थाना हाजा पर मु0अ0स0 450/25 धारा 305(डी) बीएनएस मे पंजीकृत किया गया तथा घटना के अनावरण हेतु थाना कोतवाली देहात पर टीम का गठन किया गया।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जिले में चोरी, नकबजनी एवं लूट जैसी आपराधिक घटनाओं की रोकथाम तथा शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर-द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सूबे सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है ।*

*दिनांक **27.09.2025** को मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम ने मुकदमा अपराध संख्या **450/25 धारा 305(डी) बीएनएस** से सम्बन्धित चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए **02 शातिर चोर/अभियुक्त** को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उन्हें समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता:-**

1. मोनू उर्फ सुल्तान पुत्र मौ0 गुलजार, निवासी ग्राम दतौली सुल्तानपुर, थाना कोतवाली देहात, सहारनपुर।
2. जीशान उर्फ शिकंजा पुत्र यूनूस, निवासी ग्राम दतौली रांघड, थाना कोतवाली देहात, सहारनपुर।

**बरामदगी:**

- 01 इन्वर्टर (LIV FAST कम्पनी, रंग काला)
- 01 बैट्रा (LIV GUARD कम्पनी, रंग काला)
- ₹3100/- नकद

**अभियुक्त जीशान उर्फ शिकंजा पुत्र युनूस उपरोक्त का अपराधिक इतिहास-**

1- मु0अ0स0 2/23 धारा 380/411 भा0द0वि0 थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर ।
2- मु0अ0स0 19/23 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर ।
3- मु0अ0स0 24/23 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. उ0नि0 श्री सुबोध कुमार शर्मा थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर ।
3. है0का0 453 प्रवीण कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर ।
4. है0का0 241 कपिल कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर ।
5. का0 2342 कपिल कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर ।

दिनांक: 27.09.2025

-प्रेस नोट-

## ***थाना चिलकाना व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध खनन माफियाओं के विरूद्ध कडी कार्यवाही करते हुए 11 अभियुक्त गिरफ्तार***

*"खनन माफियाओं के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। अवैध खनन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की कार्रवाई आगे भी और कड़ी होगी। नागरिकों से अपील है कि ऐसे कार्यों की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस को दें।"*

दिनांक 26/27.09.2025 की रात्रि में **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन** में **थाना प्रभारी चिलकाना** द्वारा **राजस्व विभाग की टीम** के साथ मिलकर अवैध खनन के खिलाफ सख्त अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए –

☐ **08 गाड़ियां (18 टायर ट्रक – 02, क्रेटा कार – 01, स्विफ्ट कार – 01 सहित अन्य वाहन)**

☐ **11 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।**

☐ बरामद सभी गाड़ियों को **बिना खनन वैध प्रपत्र के थाना परिसर में दाखिल** कर दिया गया है।

☐ 02 कारों को **धारा 207 एमवी एक्ट** के तहत सीज कर दिया गया है।

☐ गिरफ्तार 11 व्यक्तियों के विरुद्ध **धारा 170 BNSS** के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

***गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता-***

*1. शोयब पुत्र मुबारिक नि0 जहीरपुर थाना देवबन्द जिला स0पुर*
*2. गुलफाम पुत्र जमील नि0 रियावली नगला थाना रतनपुरी जिला मुजफ्फरनगर*
*3. वसीम पुत्र यासीन नि0 मंधवारा थाना बुढाना जिला मुजफ्फर नगर*
*4. फुरकान पुत्र इसराईल नि0 अलीपारपुर थाना मंसूरपुर जिला मुजफ्फर नगर*
*5. अनस पुत्र शहजाद नि0 जौला थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर*
*6. फारूख पुत्र यासीन निवासी मंधवाडा थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर*
*7. रजा पुत्र रिजवान निवासी धौलाहेडी थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*
*8. जुबैर पुत्र इमरान निवासी दुधगढ थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*
*9. मुदस्सीर पुत्र रागिब निवासी धौलाहेडी थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*
*10. इनाम पुत्र अख्तर निवासी तल्हेडी बुजुर्ग थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर*
*11. मिथुन पुत्र महेन्द्र निवासी कस्बा व थाना थाना भवन जनपद शामली*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-***

*1. उ0नि0 हरेन्द्र कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।*
*2. उ0नि0 श्याम सिह कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।*
*3 उ0नि0 राकेश कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।*
*4. का0 2534 राजीव कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर,*
*5- का0 2351 शमशाद अली थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*
*6-का0 1870 पुनित यादव थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर,*

*7-है0का0 1052 कुलदीप कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर,*
*8- है0का0 517 वतन पंवार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*
*9-है0का0 880 अंकित कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*
*10- है0का0 876 अनुज कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*
*11- का0 2026 कुलदीप कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*
*12-का0 2256 विशाल बाबू थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।*

दिनांक: 27.09.2025

-प्रेस नोट-

# ☐ मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत थाना तीतरो पुलिस की बड़ी कार्रवाई – 01 नशा तस्कर गिरफ्तार ☐

*अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन सवेरा शातिर नसा तस्कर अभियुक्तो के विरूद्ध लगातार कड़ी कार्यवाही की जी रही है ।*

*इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित **अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0** के अंतर्गत, पुलिस अधीक्षक देहात व क्षेत्राधिकारी गंगोह के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष श्री **धर्मेन्द्र कुमार** के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति केन्द्र थाना तीतरो की एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया।*

☐ *अभियान के दौरान **मरकज़ पुल** के पास से एक नशा तस्कर – **अभियुक्त रिज़वान पुत्र शमशाद निवासी मौ0 नई बस्ती, कस्बा व थाना तीतरो, जनपद सहारनपुर** को गिरफ्तार किया गया।*

☐ *अभियुक्त के कब्जे से बरामदगी :*

- ***12.00 ग्राम नाजायज स्मैक***
- ***07 ग्राम स्मैक में मिलाने वाला कट***

☐ ***विधिक कार्यवाही***

- *गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध **मु0अ0सं0 152/25, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट** थाना तीतरो पर पंजीकृत किया गया।*
- *अभियुक्त रिज़वान द्वारा किए जा रहे मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में **Forward और Backward Links** की गहन जांच की जा रही है।*
- *गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उसे समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-***

*(1) म0उ0नि0 अवनी उपाध्याय थाना तीतरो जनपद सहारनपुर ।*

*(2) उ0नि0 श्री बलवीर सिंह थाना तीतरो जनपद सहारनपुर ।*

*(3) का0 1606 दीपक कुमार यादव थाना तीतरो जनपद सहारनपुर ।*

*(4) का0 81 राहुल राना थाना तीतरो जनपद सहारनपुर ।*

*(5) का0 2504 रवि पिप्पल थाना तीतरो जनपद सहारनपुर।*

*(6) म0का0  2160 पूजा वालियान थाना तीतरो जिला सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 27.09.2025

## आपरेशन सवेरा

## *थाना कोतवाली देहात पुलिस की बड़ी कार्यवाही – 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार*

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी द्वितीय के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुबे सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम को आज सफलता प्राप्त हुई ।

☐ दिनांक **27.09.2025** को तलाश व दबिश के दौरान पुलिस टीम द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

☐ **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

- सलमान पुत्र शकील पता दानिश कॉलोनी, थाना कोतवाली देहात, जनपद सहारनपुर
- **सम्बन्धित वाद संख्या:** 1674/21 व **मु0अ0सं0:** 274/21 **धारा:** 8/22 एनडीपीएस एक्ट, चालानी थाना को0 देहात

☐ अभियुक्त को उसके मस्कन से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

☐♂☐ **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

1. उ0नि0 श्री भीमप्रकाश – थाना कोतवाली देहात, जनपद सहारनपुर
2. का0 2201 विपन कुमार – थाना कोतवाली देहात, जनपद सहारनपुर

दिनांक- 27.09.2025

-प्रेस नोट-

# *थाना चिलकाना एन्टीरोमियो पुलिस टीम की कार्रवाई – वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार*

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक श्री संजीव कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना चिलकाना मिशन शक्ति एन्टी-रोमियो टीम द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को ग्राम सीकरी खुर्द से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर **माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।**

☐ दिनांक **27.09.2025** को थाना चिलकाना मिशन शक्ति एन्टी-रोमियो टीम ने **वाद संख्या 439/25, धारा 125(3) सीआरपीसी रिकवरी** से संबंधित **वारण्टी अभियुक्त** को गिरफ्तार किया।

**☐ गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

- वाजिद पुत्र शहीद निवासी ग्राम सीकरी खुर्द, थाना चिलकाना, जनपद सहारनपुर

**☐ गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

1. म0उ0नि0 सुमन – थाना चिलकाना, जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 विनोद कुमार – थाना चिलकाना, जनपद सहारनपुर
3. है0का0 1052 कुलदीप कुमार – थाना चिलकाना, जनपद सहारनपुर
4. म0पीआरडी प्रियंका – थाना चिलकाना, जनपद सहारनपुर

दिनांक- 27.09.2025

-प्रेस नोट-

# *थाना चिलकाना एन्टी-रोमियो पुलिस टीम की कार्यवाही – आमदा फसाद करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार*

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सजीव कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 27.09.2025 को थाना चिलकाना एन्टी-रोमियो टीम द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले अभियुक्त बैनी को ग्राम बुढ़्ढ़ाखेड़ा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस की कार्यवाही कर मा0 न्यायायल के समक्ष पेश किया जा रहा है।

☐ **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

- बैनी पुत्र विनोद निवासी ग्राम बुढ्ढाखेड़ा, थाना चिलकाना, जनपद सहारनपुर

☐ **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

1. म0उ0नि0 सुमन – थाना चिलकाना, जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 अंकित कुमार – थाना चिलकाना, जनपद सहारनपुर
3. म0पीआरडी प्रिंयका – थाना चिलकाना, जनपद सहारनपुर

दिनांकः **27.09.2025**

-प्रेस नोट-

# रामपुर मनिहारान पुलिस की त्वरित कार्यवाही – बाइक चोर गिरफ्तार

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिए गए आदेश-निर्देशों के अनुपालन में, पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सतेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना रामपुर मनिहारान पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।*

☐ *दिनांक* ***26.09.2025*** *को थाना रामपुर मनिहारान पुलिस टीम द्वारा* ***मु0अ0सं0 434/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस*** *से सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।*

☐ ***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण***

- ***नाम:*** *विक्की पुत्र रामशरण*
- ***निवासी:*** *खत्रीवाला, कुतुबशेर, जनपद सहारनपुर*
- ***गिरफ्तारी का समय व स्थान:*** *दिनांक 26.09.2025, समय 16:30 बजे, ग्राम हरपाल के जंगल से*

☐ *गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर* ***माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।***

☐ ***बरामदगी का विवरण***

- *चोरी की मोटरसाइकिल नं.* ***UP 11 U 8171 HF DELUX (रंग – काला)***

☐ ***गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम***

1. *प्रभारी निरीक्षक श्री सतेन्द्र सिंह – थाना रामपुर मनिहारान, जनपद सहारनपुर*
2. *है0का0 190 मदनजीत – थाना रामपुर मनिहारान, जनपद सहारनपुर*

**दिनांक:27.09.2025**

**-प्रेस नोट-**

***मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत थाना गागलहेडी मिशन शक्ति एन्टीरोमियो टीम की बड़ी सफलता – पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार***

---------------------------------------------------------------------------------------------------------

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में अपराधियों एवं महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे **मिशन शक्ति अभियान** के अंतर्गत थाना गागलहेडी **एन्टी रोमियो टीम** को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।*

☐ *दिनांक **07.09.2025** को वादी की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था, जिसमें अभियुक्तगण द्वारा वादी की पुत्रियों को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना प्रकाश में आई थी। तत्पश्चात थाना गागलहेडी पर **मु0अ0सं0 229/25 धारा 137(2)/87 बीएनएस** में पंजीकृत किया गया था।*

☐ *विवेचना के क्रम में साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर **धारा 64ए व 3/4 पाक्सो एक्ट** की बढ़ोतरी की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा घटना का संज्ञान लेते हुए वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष निर्देश दिए गए थे।*

☐ ***<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण</u>***

- ***लक्षदीप पुत्र चन्द्रवीर** निवासी ग्राम कुरली, थाना बिहारीगढ, जनपद सहारनपुर*
- ***गिरफ्तारी का स्थान व समय:** हरौडा कट, दिनांक 27.09.2025*

☐ *अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक **विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।***

☐ ***<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम</u>***

1. *थानाध्यक्ष **श्री प्रवेश कुमार** – थाना गागलहेडी, जनपद सहारनपुर*
2. *उ0नि0 **श्री देवकरण शर्मा** – थाना गागलहेडी, जनपद सहारनपुर*
3. *म0उ0नि0 **मोनिका यादव** – महिला थाना/एन्टी-रोमियो टीम, गागलहेडी*
4. *म0का0 **434 अल्पना भारती** – थाना गागलहेडी, जनपद सहारनपुर*

**-प्रेस नोट-**

**दिनांक 27-09-2025**

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में OPERATION CONVICTION में चिन्हित अभियोग मे मा0 न्यायालय अपर-जिला एवं सत्र न्यायाधीश/स्पेशल पोक्सो एक्ट कक्ष संख्या-13 जनपद सहारनपुर द्वारा दुष्कर्म के मामलें में अभियुक्त को 03 वर्ष का कारावास व 12 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गईः-**

अवगत कराना है कि दिनांक 18.04.2021 को वादी की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त कपिल पुत्र पदम सिंह निवासी फतेहचन्दपुर थाना तीतरो जनपद सहारनपुर द्वारा वादी के घर मे घुसकर वादी की नाबालिक पुत्री को घर मे अकेला पाकर उसके साथ छेडछाड व अश्लील हरकत करने के सम्बन्ध मे थाना तीतरो पर मु0अ0स0-54/2021 धारा 354,354क,452 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट पंजीकृत कराया गया। जिसमें उपरोक्त विवेचना अभियोग एसटी नं0-2177/2021 पर माननीय न्यायालय माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ स्पेशल पोक्सो एक्ट कक्ष संख्या-13 जनपद सहारनपुर में विचाराधीन रहा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत **OPERATION CONVICTION** में चिन्हित मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते माननीय न्यायालय अपर-जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्पेशल पोक्सो एक्ट कक्ष संख्या-13 जनपद सहारनपुर द्वारा दिनांक 26.09.2025 को अभियुक्त कपिल पुत्र पदम सिंह निवासी फतेहचन्दपुर थाना तीतरो जनपद सहारनपुर को मु0अ0स0-54/2021 में धारा 354.354क,452 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट का दोषी पाते हुए अभियुक्त को 03 वर्ष का कारावास व 12 हजार रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

**शासकीय अधिवक्ता (ए0डी0जी0सी0) श्री संजय मलिक**

**विवेचक - उ0नि0 श्री कुंवरपाल सिंह**

**सशक्त पैरवी - महिला है0का0 330 सोनी मानिटरिग सैल एवं महिला हैड का0 946 योगिता सिंह थाना तीतरो जनपद सहारनपुर ।**

-प्रेस नोट-

दिनांक 26-09-2025

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में OPERATION CONVICTION में चिन्हित अभियोग मे माननीय न्यायालय अपर-जिला एवं सत्र न्यायाधीश/स्पेशल पोक्सो एक्ट कक्ष संख्या-13 जनपद सहारनपुर द्वारा अभियुक्त को 03 वर्ष का कारावास व 06 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गईः-**

अवगत कराना है, कि दिनांक 17.05.2021 को अभियुक्त 1. अमित पुत्र बुद्धू निवासी ग्राम बडकला थाना फतेहपुर द्वारा वादिया के साथ छेडछाड कर वादिया का फोटो वायरल करने की धमकी देने की सूचना पर थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर पर मु0अ0स0-229/2021 धारा 354ए354गए 506 भादवि व 7/8 पोक्सो अधि0 पंजीकृत कराया गया। जिसमें उपरोक्त विवेचना अभियोग एसटी नं0-2178/2021 पर माननीय न्यायालय माननीय न्यायालय अपर-जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्पेशल पोक्सो एक्ट कक्ष संख्या-13 जनपद सहारनपुर में विचाराधीन रहा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत OPERATION CONVICTION में चिन्हित मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते माननीय न्यायालय अपर-जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्पेशल पोक्सो एक्ट कक्ष संख्या-13 जनपद सहारनपुर द्वारा **दिनांक 26.09.2025 को अभियुक्त अमित पुत्र बुद्धू निवासी ग्राम बडकला थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर को मु0अ0स0-229/2021 धारा 354ए354गए 506 भादवि व 7/8 पोक्सो अधि0 का दोषी पाते हुए अभियुक्त को 03 वर्ष का कारावास व 06 हजार रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित** किया गया।

**शासकीय अधिवक्ता (ए0डी0जी0सी0) श्री संजय मलिक**

**विवेचक - उ0नि0 श्री संजीव त्यागी**

**सशक्त पैरवी - महिला उ0नि0 मितलेश राठौर (हल्का प्रभारी) एवं महिला का0 505 प्रीति थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर।**




**-प्रेस नोट-**

**दिनांकः 27.09.2025**

## मिशन शक्ति फेज 5.0

## *मिशन शक्ति टीम थाना मिर्जापुर द्वारा छात्राओं को कराया गया थाने भ्रमण – मिशन शक्ति फेज-05 के तहत नारी सुरक्षा, सबलम्बन एवं सम्मान का सन्देश-*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में **शान्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने, अपराध नियंत्रण एवं मिशन शक्ति फेज-05 अभियान** के तहत जनपदभर में जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।*
*इसी क्रम में आज दिनांक **27.09.2025** को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक **श्री सुनील नागर** के कुशल नेतृत्व में थाना मिर्जापुर पर **उच्च प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर पोल की छात्राओं को थाना भ्रमण कराया गया।***

☐ ***छात्राओं को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी :***

- *थाना मिर्जापुर पर स्थापित **मिशन शक्ति केन्द्र** का परिचय कराया गया।*
- ***नारी सुरक्षा, सबलम्बन एवं सम्मान** से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी दी गई।*
- *थाना कार्यालय का भ्रमण कराते हुए छात्राओं को बताया गया कि—*
  - ***मुकदमा पंजीकरण** कैसे होता है।*
  - ***जी.डी. कार्यालय, कंप्यूटर रूम, हवालात एवं मालखाना** का संचालन कैसे किया जाता है।*
  - *थाने पर रखे जाने वाले **विभिन्न रजिस्टरों** व उनमें दर्ज कार्यवाहियों की जानकारी दी गई।*

☐ ***सहारनपुर पुलिस का संदेश :***
☐ ***महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।***
☐ *__मिशन शक्ति अभियान__ के माध्यम से छात्राओं व महिलाओं को __जागरूक, आत्मनिर्भर एवं सुरक्षित__ बनाने का संकल्प।*
☐ *पुलिस सदैव **जनसेवा व विश्वास कायम रखने** के लिए तत्पर है।*




**-प्रेस नोट-**

**दिनांकः 27.09.2025**

# मिशन शक्ति फेज 5.0

***थाना तीतरो की मिशन शक्ति एण्टीरोमियों पुलिस टीम को मिली बड़ी सफलता – वाहन चोरी का वांछित अभियुक्त के चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार***

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी तीतरो **श्री सुरेन्द्र कुमार** के कुशल नेतृत्व में थाना तीतरो पुलिस को **एक बड़ी सफलता** प्राप्त हुई।
दिनांक **27.09.2025** को थाना तीतरो पुलिस टीम ने **मु0अ0सं0 49/25 धारा 303(2) बीएनएस** से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को मुखबिर खास की सूचना पर **सालियर चौराहा, तीतरो** से गिरफ्तार कर लिया।

☐ **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –**

- **अहसान पुत्र महंदी हसन** निवासी ग्राम बराला थाना कैराना, जनपद शामली

☐ **अभियुक्त का आपराधिक इतिहास –**

1. मु0अ0सं0 561/25 धारा 317(5) बीएनएस थाना कैराना, जनपद शामली
2. मु0अ0सं0 49/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना तीतरो, जनपद सहारनपुर

☐ **गिरफ्तारी का विवरण –**

मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने अभियुक्त को मौके से भागने का मौका दिए बिना दबोच लिया।
पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि **उसने मई माह में ग्राम खण्डलाना से मोटरसाइकिल चोरी की थी।**

☐ **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 श्री अभिषेक चौरसिया, थाना तीतरो, जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री अभिषेक वशिष्ठ, थाना तीतरो, जनपद सहारनपुर
3. हो0गा0 1046 सुन्दर लाल, थाना तीतरो, जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः 27-09-2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहानरपुर उत्तर प्रदेश

## थाना नांगल पुलिस द्वारा 03 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से 02 हथफूल (सफेद धातु), 01 नथनी (पीली धातु) व 01 टीका (पीली धातु) बरामद

अवगत कराना है कि दिनांक 10.08.2025 को वादी श्री नौशाद पुत्र शमशाद नि0 ग्राम बरतपुर थाना नागल जनपद सहारनपुर द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर बावत अज्ञात चोरों द्वारा वादी के घर से जेवरात चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मे थाना नागल पर मु0अ0सं0 219/25 धारा 305(ए) बीएनएस पंजीकृत कराया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी व चोरी गये सामान की बरामदगी हेतु आदेश-निर्देश दिए गए। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक नांगल श्री रमेश चन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में नागल पुलिस टीम द्वारा आज दिनाँक 27.09.2025 को मुकदमा उपरोक्त में चोरी की घटना का अनवरण करते हुए 03 अभियुक्तगण **1.मुर्तजा पुत्र महबूब निवासी-ग्राम भरतपुर थाना नांगल जिला सहारनपुर 2.मतलूब पुत्र अल्लाबंदा निवासी-ग्राम भरतपुर थाना नांगल जिला सहारनपुर 3.अनस पुत्र नईम नि- यमुनानगर थाना- सिटी यमुनानगर हरियाणा** को ग्राम भरतपुर हाइवे के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चोरी किये गये दो हथफूल (सफेद धातु) एक नथली (पीली धातु)  व एक टीका (पीली धातु) बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अभियुक्तगणो के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

1. मुर्तजा पुत्र महबूब निवासी-ग्राम भरतपुर थाना नांगल जिला सहारनपुर।
2. मतलूब पुत्र अल्लाबंदा निवासी-ग्राम भरतपुर थाना नांगल जिला सहारनपुर।
3. अनस पुत्र नईम नि- यमुनानगर थाना- सिटी यमुनानगर हरियाणा।

**बरामदगी का विवरणः-**

- 02 हथफूल (सफेद धातु)
- 01 नथनी (पीली धातु)
- 01 टीका (पीली धातु)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नामः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री रमेश चन्द्र सिंह थाना नांगल सहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री प्रवीण कुमार थाना नांगल जिला सहारनपुर।
3. का0 2337 कृष्णगोपाल थाना नागल सहारनपुर।
4. का0 1029 नितिन तोमर थाना नागल सहारनपुर।
5. का0 38 विक्रान्त थाना नागल सहारनपुर।
6. हो0गा0 354 निर्भय सिंह थाना नांगल जिला सहारनपुर।

दिनांकः 27.09.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली मण्डी पुलिस द्वारा 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 नाजायज चाकू बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण हेतु अवैध अस्लाह रखने वाले अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री रोजन्त त्यागी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 27.09.2025 को पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध वाहन/व्यक्ति चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त **अब्दुल्ला पुत्र जाहिद हसन निवासी दानिश कालोनी रसूलपुर थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर** को मण्डी समिति परिसर मे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 नाजायज चाकू बरामद हुआ। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना कोतवाली मण्डी पर मु0अ0सं0- 393/2025 धारा – 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

अब्दुल्ला पुत्र जाहिद हसन निवासी दानिश कालोनी रसूलपुर थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी का विवरण** –

01 नाजायज चाकू

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 श्री नरेन्द्र भडाना थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर।
2. का0 2528 अनिल कुमार थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर।

**-प्रेस नोट-**

**दिनांकः 27.09.2025**

*□मिशन शक्ति 5.0 के तहत बेटियों को मिला सशक्तिकरण का मंत्र! □*

*□ प्रेस विज्ञप्ति*

*जनपद सहारनपुर*
*दिनांक: 27.09.2025*

*मिशन शक्ति अभियान – 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सहारनपुर महोदय द्वारा हरि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, नकुड़ में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

*थाना नकुड़*
*आज दिनांक 27 सितम्बर 2025 को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय ने हरि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट नकुड़ में मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में छात्राओं व बालिकाओं को सशक्त बनने, सुरक्षा-सम्मान की रक्षा करने और डिजिटल युग में सजग रहने का संकल्प दिलाया गया।*

*पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने छात्राओं को झूठी अफ़वाहों से बचने, अपने अधिकारों की जानकारी रखने, साइबर फ्रॉड व क्राइम से सतर्क रहने की सीख दी। साथ ही बेटियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बेटियां अब किसी से कम नहीं, वे ही समाज की असली शक्ति हैं।*

*□ मौके पर छात्राओं ने पुलिस महकमे की इस पहल का स्वागत किया और कहा कि मिशन शक्ति ने उनमें नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया है।*

*पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं/बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी प्रदान की गई, जिनमें मुख्यतः:*
*वूमेन पावर लाइन – 1090*
*आपातकालीन सेवा – 112*
*चाइल्ड हेल्पलाइन – 1098*
*संबंधित थाने/महिला हेल्प डेस्क के नंबर*

*महिलाओं एवं छात्राओं से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की समस्या की स्थिति में निसंकोच उक्त हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करें।*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 27.09.2025

*□आज दिनांक 27 सितंबर 2025 को सरस्वती सदन इंटर कॉलेज, सब्दलपुर में पुलिस अधीक्षक नगर महोदय एवं थाना प्रभारी कुतुबशेर के नेतृत्व में "एंटीरोमियो टीम" द्वारा छात्राओं को सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।*

*इस कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, विशेष रूप से "मिशन शक्ति केंद्र" से संबंधित सहायता, लाभार्थी प्रक्रियाओं, एवं आवश्यक आपातकालीन नंबरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्राओं को पेम्पलेट भी वितरित किए गए, जिनमें आवश्यक हेल्पलाइन नंबर व सहायता केंद्रों की जानकारी अंकित थी।*

*□कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा उन्हें सभी उपलब्ध सरकारी सहायता से अवगत कराना रहा।□*

-प्रेस नोट-




**दिनांकः 27.09.2025**

*□थाना रामपुर मनिहारान की एंटीरोमियो महिला पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व उप निरीक्षक श्री देवेंद्र सिंह एवं महिला उप निरीक्षक श्रीमती नेहा चौधरी द्वारा किया गया।*

*इस कार्यक्रम के दौरान ग्राम जन्धेडा में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में उपस्थित छात्र/छात्राओं को गुड टच और बैड टच एवं उनके अधिकारों के प्रति विस्तृत जानकारी दी गई। एंटीरोमियो टीम ने छात्र/छात्राओं को आत्मरक्षा के उपाय, सहायता के लिए उपलब्ध सरकारी हेल्पलाइन नंबरों तथा मिशन शक्ति योजना के लाभों के बारे में जागरूक किया।*

*इस अवसर पर छात्र/छात्राओं ने भी जागरूकता कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर टीम द्वारा सरल और स्पष्ट रूप में दिया गया।*

*□कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालक/बालिकाओं को सशक्त बनाना, उनमें आत्मविश्वास जागृत करना तथा किसी भी प्रकार की असुविधा या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त करने की जानकारी देना रहा।*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 27.09.2025

*□थाना बड़गांव पर मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें थाना क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आई बालिकाओं ने भाग लिया।□*

इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राओं को मिशन शक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों एवं उपलब्ध सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्हें महिलाओं/बालिकाओ सुरक्षा एवं आपातकालीन सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया, जिनमें शामिल हैं:

*1090 – वुमेन पावर लाइन*
*1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर*
*112 – आपातकालीन पुलिस सेवा*
*1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर*

बालिकाओं को बताया गया कि किसी भी संकट या असहज परिस्थिति में उपरोक्त नंबरों के माध्यम से त्वरित सहायता प्राप्त की जा सकती है। साथ ही उन्हें आत्मरक्षा एवं कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों के विषय में भी जानकारी दी गई।

*यह कार्यक्रम महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा, जिससे छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ा और वे अपने अधिकारों व सहायता साधनों के प्रति अधिक सजग हुईं।*

-प्रेस नोट-




**दिनांक: 27.09.2025**

*□थाना रामपुर मनिहारान की एण्टीरोमियो महिला पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत ग्राम जन्धेडा समसपुर में छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं सरकारी हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक किया गया।*

इस कार्यक्रम में एण्टीरोमियो महिला पुलिस टीम ने छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी, जिनमें शामिल हैं:

112 – आपातकालीन पुलिस सहायता
1090 – वुमेन पावर लाइन
1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन

इस कार्यक्रम में छात्राओं को बताया गया कि किसी भी संकट या उत्पीड़न की स्थिति में ये हेल्पलाइन नंबर उनकी सहायता के लिए 24x7 उपलब्ध हैं। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि कैसे वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सकती हैं और समय पर सही सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

*इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महिला सुरक्षा, आत्म-संरक्षण, तथा मिशन शक्ति से जुड़ी विभिन्न जानकारियों को गंभीरता से सुना।*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 27.09.2025

*□मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत थाना बड़गांव क्षेत्रान्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय खुदबकसपुर की छात्रा प्रीति (कक्षा 7) को एक दिन के लिए थाना प्रभारी नियुक्त किया गया।*

इस दौरान उन्होंने थाना समाधान दिवस पर आने वाली समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए।

*उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना अभियान “मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा ग्राम/कस्बा/मौहल्ला/शिक्षण संस्थानों इत्यादि पर भ्रमण/चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर निरन्तर जागरूक किया जा रहा है।*

-प्रेस नोट-

दिनांक: **27.09.2025**

*□मिशन शक्ति केंद्र 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत थाना कोतवाली देहात द्वारा स्किल्ड ग्लोबल जॉन स्कूल की कक्षा 8 की छात्रा समायरा को एक दिवस के लिए थाना प्रभारी नियुक्त किया गया।*

*एक दिन की प्रभारी बनने के बाद समायरा ने कोतवाली देहात क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को सुना तथा उनके निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।*

*□ इस पहल का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना है।*

-प्रेस नोट-




**दिनांक: 27.09.2025**

**□थाना फतेहपुर पर आयोजित मिशन शक्ति का विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं को थाना का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय सरदाहेड़ी, जूनियर हाई स्कूल फतेहपुर भादो, कस्तूरबा गांधी विद्यालय भैंसराऊ, प्राथमिक विद्यालय हलवाना, प्राथमिक विद्यालय छुटमलपुर तथा यूपीएस विद्यालय अलीपुर सिंभालकी की बालिकाएँ शामिल रही।**

*भ्रमण के दौरान छात्राओं को थाना के कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। उन्हें FIR दर्ज करने की प्रक्रिया, हवालात, CCTNS ऑफिस आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।*

*साथ ही, मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत छात्राओं को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़े पहलुओं पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उन्हें डिजिटल एरेस्टिंग, झूठी अफवाहों से सावधान रहने, साइबर फ्रॉड और साइबर क्राइम से बचाव के उपाय समझाए गए।*

*इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं और बालिकाओं/महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु संचालित कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी गई।*

**□ छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और संरक्षण के बारे में बताया गया तथा कार्यक्रम के दौरान उन्हें महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई:**

*1090 : वूमेन पावर लाइन*
*1930 : साइबर अपराध*
*108 : एंबुलेंस सेवा*
*112 : पुलिस आपातकालीन सेवा*
*1098 : चाइल्ड हेल्पलाइन*

**इसके अलावा "No Helmet – No Fuel" अभियान की जानकारी भी दी गई और यातायात सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।**

-प्रेस नोट-

दिनांक: 27.09.2025

*□मेला माँ शाकुम्भरी देवी मन्दिर परिसर में खोया iPhone मोबाइल मिशन शक्ति महिला पुलिस टीम ने मोबाइल ढूंढकर सकुशल मालिक को लौटाया।*

मेला माँ शाकुम्भरी देवी मन्दिर में दर्शन हेतु आए सागर पुत्र प्रवीण कुमार, निवासी ग्राम चंदाखेड़ी, थाना बिलासपुर, जनपद यमुनानगर (हरियाणा) का iPhone मोबाइल फोन गुम हो गया था।

मेले में ड्यूटी पर तैनात महिला कांस्टेबल ज्योति वर्मा एवं महिला कांस्टेबल रूपा तैनाती थाना सदर बाजार ने ढूंढ निकाला। इसे विधिवत खोया/पाया केंद्र पर जमा कराया गया। सत्यापन उपरांत मोबाइल उसके स्वामी सागर को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया।

